Volume:1 Issue:15 August2016

# E-newsletter

## (Monthly Publication)

## Kanpur Municipal Corporation




मेरा कानपुर सबसे स्वच्छ

Address: Motijheel, Kanpur - 208 002, Uttar Pradesh
Website - http://kmc.up.nic.in,
Email– Kanpur_nagar.nigam@yahoo.co.in
Phone– 0512 254 1258/6194, Fax– 0512 252 5554
Online complaint No. - 0512 252 6004/05, Toll Free No. - 18001805124

संरक्षक

श्री जगतवीर सिंह द्रोण
मा० महापौर
श्री उमेश प्रताप सिंह
नगर आयुक्त

परामर्श मण्डल

श्री अजय प्रताप सिंह
मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी
इं० एम० के० सिंह
मुख्य अभियंता (सिविल)

महाप्रबंधक,जलकल

सह संपादक

श्री वी०के० सिंह
उद्यान अधीक्षक
डॉ ए०के० सिंह
पशु चिकित्सा अधिकारी

कंप्यूटर टंकण/डिज़ाइन

संदीप कुमार तिवारी

## सारे जहाँ से अच्छा हिन्दुस्ता हमारा





15 अगस्त 1947 एक ऐतिहासिक दिन, भारत में अंग्रेजों की दासता से मुक्ति का दिन – भारतीय स्वतंत्रता की 69 वी सालगिरह के उपलक्ष्य में सर्वप्रथम अशोक नगर क्षेत्र में स्थित अमर जवान ज्योति चौराहे पर माल्यार्पण कर अमर शहीदों को श्रद्धांजली अर्पित की गई। तदुपरान्त मोतीझील स्थित कारगिल पार्क में कारगिल युद्ध में वीरगति को प्राप्त भारतीय सेना के जवान बांकुरों को श्रद्धांजली प्रदान की गई नगर निगम मुख्यालय में प्रातः 8:30 बजे नगर के प्रथम नागरिक माननीय महापौर श्री जगतवीर सिंह द्रोण जी द्वारा ध्वजारोहण किया गया । नगर निगम सभागार में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में गाँधी स्मारक संगीत महाविद्यालय के छात्रों द्वारा विशेष संगीतमय भजन एवं देशभक्ति गीतों का प्रदर्शन किया गया। मुख्यालय के मुख्य द्वार एवं सड़क मार्ग के दोनों ओर रंगोली का चित्रण करने वाले सफाई कर्मियों को पुरस्कृत किये जाने की घोषणा भी माननीय महापौर महोदय द्वारा की गई| माननीय महापौर श्री जगतवीर सिंह द्रोण ,नगर आयुक्त श्री उमेश प्रताप सिंह द्वारा अपने उदगार व्यक्त किये गये । अंत में राष्ट्रगान जन गन मन व राष्ट्रगीत वन्देमातरम के उपरान्त मिष्ठान वितरण के साथ सभा विसर्जित की गयी इस अवसर पर नगर निगम के सम्मानित पार्षद गणों के साथ -साथ अपर नगर आयुक्त श्री विनोद कुमार गुप्ता एवं श्री राकेश कुमार गुप्ता , मुख्य अभियंता श्री मनीष कुमार सिंह, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डां पंकज श्रीवास्तव, उद्यान अधीक्षक श्री बीके सिंह, समस्त जोनल अधिकारी, जनसंपर्क अधिकारी राम नगीना त्रिपाठी एवं अन्य कर्मचारियों के साथ-साथ पत्रकार बन्धु उपस्थित रहे।







Address: Motijheel, Kanpur - 208 002, Uttar Pradesh
Website - http://kmc.up.nic.in, Email– Kanpur_nagar.nigam@yahoo.co.in
Phone– 0512 254 1258/6194, Fax– 0512 252 5554
Online complaint No. - 0512 252 6004/05, Toll Free No. - 18001805124

# वाई फाई पार्क का उद्घाटन

श्री अरूण पाठक माननीय विधायक स्नातक निर्वाचन क्षेत्र कानपुर की विकास निधि से नगर निगम मुख्यालय के सामने स्थित पार्क को वाई-फाई पार्क का उद्घाटन दिनांक 20.08.16 को माननीय सांसद एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ मुरली मनोहर जोशी जी द्वारा किया गया । इस कार्यक्रम की अध्यक्षता माननीय सांसद देवेन्द्र सिंह भोले जी एवं कार्यक्रम का संचालन श्री विवेक द्विवेदी जी ने किया | इस अवसर पर सभी



अतिथिगणों को स्मृति चिन्ह दिया गया | पार्क का सौंदर्यीकरण नगर निगम के उद्यान विभाग द्वारा एवं वाई-फाई का कार्य नगर निगम के आई0टी0 विभाग द्वारा सम्पादित किया गया है। इस अवसर पर माननीय सांसद एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ मुरली मनोहर जोशी जी ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज के युग में कम्प्यूटर ,लैपटॉप, टेबलेट , मोबाइल एजूकेशन का अभिन्न अंग है। एजूकेशन से जुडे बच्चे जो इण्टरनेट कनेक्शन लेने में असमर्थ होते हैं उनके लिए इस तरह की सुविधाये होना लाभप्रद होगी,एवं उन्होंने यह भी कहा की खुद को युवा समझने वाले वृद्ध भी इस पार्क में आकर शिख सकते है| उन्होंने यह भी अपेक्षा की कि कानपुर के अन्य स्थानों पर भी वाई-फाई पार्क की सुविधाऐं उपलब्ध कराने के प्रयत्न किये जाये।इस अवसर पर माननीय विधायक श्री इरफ़ान सोलंकी, श्री रघुनंदन सिंह भदौरिया, श्री सलिल विशनोई , श्री अरुण पाठक, भाजपा नगर अध्यक्ष सुरेश मैथानी, श्रीमती प्रेमलता कटियार, श्री नीरज चतुर्वेदी, नेता पार्षद दल भा0जा0पा0, मा0 श्री सेतेन्द्र सिंह ,श्री महेंद्र नाथ शुक्ला, श्री पप्पू पाण्डेय, श्रीमती रीता शास्त्री, श्रीमती पूनम कपूर, श्री



धीरू, श्रीमती पूनम द्विवेदी उद्यान अधीक्षक श्री वी0 के0 सिंह,आई0 टी0 विभाग से प्रमेन्द्र त्रिवेदी, परवेज़ खान, कृष्ण बिहारी मिश्रा ,राहुल सब्बरवाल, संदीप तिवारी व नगर निगम के अधिकारी /कर्मचारी उपस्थित रहे।

*अपने नगर को स्वच्छ एवं सुन्दर रखने में अपना सहयोग प्रदान करें। कूड़ा सड़क पर ना फेंके। पॉलिथीन का प्रयोग ना करें।*

# शहर को साफ रखने का संकल्प




दिनांक 16.08.2016 को नगर निगम गेस्ट हाउस में जिला प्रशासन और नगर निगम की तरफ से मंगलवार को शुरू किए गए विशेष स्वच्छता अभियान के पहले दिन पार्षदों और अफसरों ने संयुक्त रूप से इसे सफल बनाने का संकल्प लिया। आयोजित गोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे माननीय महापौर श्री जगतवीर सिंह द्रोण ने कहा कि पार्षद,जनता, अफसर संकल्प लें कि वे शहर को स्वच्छ बनाएंगे। कमिश्नर मोहम्मद इफ्तिखारूद्दीन ने कहा कि विशेष सफाई अभियान 16 अगस्त से 15 सितंबर तक चलाया जायेगा । इसमें ग्रामीण क्षेत्र के सफाई कर्मी भी शहर में लगाए गए हैं। नालियों से अतिक्रमण हटना चाहिए। डीएम श्री कौशलराज शर्मा ने कहा कि क्षेत्रीय समितियां बनाकर समस्याएं दूर करने पर जोर दिया एवं सबसे अच्छे और सबसे गंदे तीन तीन वार्ड चुने जाएं। अच्छी साफ.सफाई वाले तीन वार्डो को प्राइज दिय जायेगा| इससे पहले नगर आयुक्त श्री उमेश प्रताप सिंह जी, ने कहा कि विशेष सफाई अभियान में नगर निगम के 6100 सफाई कर्मियों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्र के 400 सफाई कर्मी भी शहर में लगाए गए है। विशेष अभियान एक हफ्ते चलेगा, इसके बाद नगर निगम 14 सितंबर तक अभियान चलाता रहेगा। पार्षद श्री सुहेल अहमद, श्री अशोक बाजपेयी, श्री सत्येद्र मिश्रा, अहमद, श्री रीता शास्त्री, श्री शमीम आजाद, श्री योगेंद्र कुशवाहा, नीलम चैरसिया, पूनम, श्री अतुल त्रिपाठी, श्री धीरू, श्री राजेन्द्र कटियार आदि ने विचार वयक्त किये। इस अवसर नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉं पंकज श्रीवास्तव मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी श्री अजय प्रताप सिंह, सम्बन्धित जोनल अधिकारी, व नगर निगम के अन्य अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित रहे।



*अपने नगर को स्वच्छ एवं सुन्दर रखने में अपना सहयोग प्रदान करें। कूड़ा सड़क पर ना फेंके। पॉलिथीन का प्रयोग ना करें।*

# शहर को साफ रखने को रैली




कानपुर नगर निगम द्वारा शहर में चलाए जा रहे विशेष स्वच्छता अभियान के तहत दिनांक 20.08.2016 को नगर निगम समेत 14 स्कूलों के छात्र- छात्राओं ने कानपुर की जनता को सफाई अभियान के प्रति जागरूक करने हेतु रैली का आयोजन किया गया, जिसमे डीपीएस नगर निगम इंटर कॉलेज नवाबगंज , मोतीलाल खेडिया, श्री बाला जी निकेतन, आदर्श सरस्वती विद्या मंदिर , सरयू नारायण विधालय, नगर निगम बालिका इन्टर कॉलेज, रतन शुक्ल इन्टर कॉलेज के लगभग 400 स्टूडेंट ने रैली में प्रतिभाग किया । रैली नवाबगंज, विष्णुपुरी, आजाद नगर, पुराना कानपुर आदि क्षेत्रों में घूमी। माननीय महापौर श्री जगतवीर सिंह द्रोण व नगर आयुक्त श्री उमेश प्रताप सिंह ने रैली को हरी झंडी दिखाई। साथ ही साथ माननीय महापौर श्री जगतवीर सिंह द्रोण व नगर आयुक्त श्री उमेश प्रताप सिंह स्कूली बच्चो को सफाई के प्रति जागरूक रहने को शपथ भी दिलाई | इसके साथ ही निगम ने शहर के सभी 110 वार्डो में विशेष सफाई अभियान भी चलाया गया। इसके तहत 110 वार्डो में सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक साफ- सफाई की गई। इस अवसर पर एमएलसी अरूण पाठक, अपर नगर आयुक्त श्री विनोद कुमार गुप्ता, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ पंकज श्रीवास्तव, उप नगर आयुक्त अतुल कृष्ण, स्कूलों के प्रिसिपल मोहम्मद शोएब, डॉ. शशिकला, रैना, कांती मिश्रा, श्रीमती वंदना श्रीवास्तव, श्री एस.के गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।






*अपने नगर को स्वच्छ एवं सुन्दर रखने में अपना सहयोग प्रदान करें। कूड़ा सड़क पर ना फेंके। पॉलिथीन का प्रयोग ना करें।*

# फॉँगिग मशीनों को हरी झण्डी




कानपुर नगर में बढते संक्रामक रोगों को देखते हुए नगर निगम ने मच्छरों की प्रभावी रोकथाम के लिये एक साथ 18 बड़ी और 28 छोटी गाड़ियों वाली फॉँगिग मशीनों को नगर निगम परिसर से माननीय महापौर श्री जगतवीर सिंह द्रोण और नगर आयुक्त श्री उमेश प्रताप सिंह ने फॉँगिग मशीनों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया । ये सभी मशीने एक साथ एक ही जोन के सभी वार्डों में फॉँगिग करेगी। रोजाना एक जोन में फॉँगिग का रोस्टर जारी किया गया हैं। इस अवसर पर नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा॰ पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि वार्डवार फॉँगिग के बेहतर परिणाम न मिलने पर अब जोनवार फॉँगिग का रोस्टर बनाया जा रहा है। सोमवार को जोन-1, मगंलवार को जोन-2, बुधवार को जोन-3, गुरूवार को जोन-4, शुक्रवार को जो-5 व शनिवार को जोन-6 के सभी वार्डो में फांगिग होगी। हर सप्ताह इसी रोस्टर से फांगिग की जायेगी । एक साथ 46 मषीनों की फांगिग से जोन-4 में धुआं दिखाई दिया । इस अवसर पर पार्षद श्री कमल शुक्ल, श्री अशोक तिवारी, श्री सुहेल अहमद, पूनम श्रीमती, श्री मदन बाबू एवं मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी श्री अजय प्रताप सिंह, मुख्य अभियंता सिविल श्री मनीष कुमार सिंह, जनसंपर्क अधिकारी श्री राम नगीना त्रिपाठी, सम्बन्धित जोनल अधिकारी, व नगर निगम के अन्य अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित रहे।



*अपने नगर को स्वच्छ एवं सुन्दर रखने में अपना सहयोग प्रदान करें। कूड़ा सड़क पर ना फेंके। पॉलिथीन का प्रयोग ना करें।*

# शहर को स्वच्छ रखने हेतु नुक्कड़ नाटक




स्वच्छ भारत मिशन योजना के अंतर्गत आम जन मानस को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने हेतु कानपुर नगर निगम द्वारा जन जागरूक अभियान के तहत लोगो को नुक्कड़ नाटक स्वछता पर आधारित विडियो फिल्म संगोष्ठी आदि के माध्यम से जागरूक करने का काम सृष्टि सामाजिक संस्थान एवं नगर निगम के सयुक्त तत्वाधान में कराया जा रहा है|जन जागरूक अभियान में संस्था के कलाकारों द्वारा नाटक का प्रदर्शन करते हुए दिखाया जा रहा है कि लोगो को खुले स्थान में शौच नहीं करना चाहिए और ना ही घर के बाहर सड़क में कूड़ा नहीं डालना चाहिए | इससे अनेक बीमारी होने का डर बना रहेता है एवं नाटक के माध्यम से लोगो को यह भी दिखाया जाता है की कुछ लोगो की लापरवाही से पूरे समाज को बीमारियों का दंश झेलना पड़ता है और लोग परेशां होते है संस्था के श्री कृष्णदत्त तिवारी ने बताया कि संस्था द्वारा प्रत्येक जोन के हर एक वार्ड में नुक्कड़ नाटक किया जाना है अभी तक जोन -1, जोन-2 ,जोन-3 में नुक्कड़ नाटक किया जा चुका है | नुक्कड़ नाटक में संस्था द्वारा श्री डी मिश्रा, श्री सुमित सिंह, श्री प्रदीप शुक्ला, राघुवेंद्रर शर्मा,वैकुंट ओझा , सुश्री सुनीता श्रीवास्तवा, सुश्री कल्पना पाण्डेय द्वारा नाटक का मंचन दिखाया जाता है |





## कर्मचारियों की नियुक्ति



दिनांक 30.08.16 को मुख्यालय परिसर में माननीय महापौर श्री जगतवीर सिंह द्रोण व नगर आयुक्त श्री उमेश प्रताप सिंह जी द्वारा मृतक आश्रित के रूप में नव नियुक्ति 24 कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया | मा0 महापौर जी ने सभी कर्मचारियों को आर्शीवचन दिया तथा उनके मंगल भविष्य कामना की एवं उन्हें नगर निगम के कार्यो के प्रति समर्पण की भावना बनाये रखने को कहा | इस इस अवसर पर नगर निगम के पार्षदगणों के अतिरिक्त मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी श्री अजय प्रताप सिंह, सम्बन्धित जोनल अधिकारी, व नगर निगम के अन्य अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित रहे।





## सेवानिवृत्त कर्मचारियों की देयको सहित बिदाई



नगर निगम मुख्यालय स्थित समिति कक्ष में मा0 महापौर श्री जगतवीर सिंह द्रोण व नगर आयुक्त श्री उमेश प्रताप सिंह द्वारा 31.08.16 को सेवा निवृत्त हुए 8 कर्मचारियों को माला पहनाकर, उनके समस्त सेवानिवृत्त देयकों के साथ शाल व मिठाई देकर बिदाई की गयी । मा0 महापौर जी ने सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को आर्शीवचन दिये तथा उनके अच्छे स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की। इस अवसर पर नगर निगम के पार्षदगणों के अतिरिक्त नगर आयुक्त, अपर नगर आयुक्त प्रथम श्री विनोद कुमार गुप्ता, मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी श्री अजय प्रताप सिंह, सम्बन्धित जोनल अधिकारी, व नगर निगम के अन्य अधिकारी/ कर्मचारी उपस्थित रहे।

*सामान्य कर (गृहकर) जमा करके कानपुर महानगर व अपने वार्ड के विकास हेतु अपने दायित्व का निर्वहन*

16 अगस्त से 15 सितम्बर तक चलने वाले विशेष सफाई अभियान के अंतर्गत समस्त 110 वार्डो में चलाये जा रहे अभियान की फोटो













